## मुख्य संरक्षक



**इंजी. पंकज अग्रवाल**
**कुलाधिपति**



**इंजी. पूजा अग्रवाल**
**प्रतिकुलाधिपति**

## मुख्य आयोजक समिति

**प्रो. बी.एम.दीक्षित, कुलपति , श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय**

**प्रो. नीरजा जिंदल, कुलसचिव, श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय**

**प्रो. महेंद्र सिंह पाल , निदेशक, कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान**

**प्रो. बलवीर सिंह, उप निदेशक प्रसार , कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान**

### अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

**प्रो. बलवीर सिंह , उप निदेशक प्रसार एवं मेला समन्वयक**
मो0- 9208520339
ईमेल: deputydirectorext.iast@srmu.ac.in

**श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय**
**विलेज - हड़ौरी, पोस्ट - टिन्डोला,**
**लखनऊ-देवा रोड, बाराबंकी,**
**उत्तर Pradesh - 225003**

दिशा-निर्देश प्राप्त करने के लिए स्कैन करें

www.srmu.ac.in

# श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय
# कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

द्वारा आयोजित

# किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी

## मेला विषय: उन्नत कृषि-उन्नत भारत

**13-14 नवम्बर, 2025 | 9:50 पूर्वाह्न से**
**स्थान: श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय कैंपस**




## मुख्य आकर्षण

- कृषि प्रौद्योगिकी, कृषि यन्त्र, बीज, उर्वरक, कीटनाशक व अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी।
- विभिन्न प्रकार के क्षेत्रीय प्रदर्शनों का दौरा।
- कृषि गोष्ठी/कार्यशाला तथा किसानों/विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ वार्ता।
- महत्वपूर्ण कृषि सम्बंधित विषयों पर व्याख्यान और प्रगतिशील किसानों से संवाद।

# श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय

वर्ष 2012 में अपनी स्थापना के बाद से ही एसआरएमयू अपनी शिक्षा, अनुसन्धान एवं प्रसार को विश्वस्तरीय मानकों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य सर्वोत्तम शैक्षणिक और व्यावसायिक संसाधन प्रदान करना और छात्रों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करना है। एसआरएमयू अपने अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक संसाधनों और पाठ्येतर उत्कृष्टता का उत्कृष्ट केंद्र है। यह नवाचार, ज्ञान और समझ के संचरण में सर्वोच्च स्तर की विशिष्टता हासिल करने के लिए तत्पर है।

विश्वविद्यालय के 11 संस्थान छात्रों को कृषि, इंजीनियरिंग (मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार, कंप्यूटर विज्ञान), फार्मेसी, प्रबंधन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी एवं जैव-विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, विधि, प्राकृतिक विज्ञान, मानविकी, शिक्षा एवं अनुसंधान में स्नातक, एकीकृत, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों आदि में से चुनने के लिए विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। इसके अलावा, ऑटोमोबाइल, उत्पादन, सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार, कंप्यूटर विज्ञान और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में रोजगारोन्मुखी पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध है।

# किसान मेला 2025: उन्नत कृषि-उन्नत भारत

कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, एसआरएमयू परिसर, लखनऊ-देवा रोड द्वारा दिनांक 13-14 नवम्बर, 2025 को प्रथम किसान मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, फसल उत्पादन पद्धतियों, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक खेती, पशुपालन तथा फसल प्रसंस्करण की जानकारी उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर विभिन्न बीज कंपनियों, कृषि उपकरण निर्माताओं तथा आईसीएआर संस्थानों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें नवीनतम तकनीकों, उन्नत किस्मों, कृषि यंत्रों तथा मूल्यवर्धन से संबंधित जानकारी और प्रदर्शन प्रस्तुत किए जाएंगे। किसानों को विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद करने तथा अपनी समस्याओं के समाधान पाने का भी अवसर मिलेगा।

इस मेले से कृषकों को फसल उत्पादन में वृद्धि, कम लागत में अधिक लाभ, नई किस्मों एवं तकनीकों की जानकारी, तथा बाजार से जुड़ाव जैसे अनेक लाभ प्राप्त होंगे। साथ ही, प्रगतिशील किसान अपने अनुभव साझा करेंगे, जो अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का कार्य करेंगे।

यह किसान मेला किसानों को नई तकनीकों और नवाचारों से जोड़ने का एक सशक्त मंच सिद्ध होगा और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह मेला किसानों के लिए सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि नए अवसरों, नई तकनीकों और नई उम्मीदों का संगम है।

# कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, एसआरएमयू, देवा रोड, बाराबंकी स्थित अपने परिसर में वर्ष 2019 में स्थापना के बाद से ही कृषि के क्षेत्र में कुशल जनशक्ति के पोषण हेतु निरंतर प्रयास कर रहा है। बीएससी (ऑनर्स) कृषि चार वर्षीय कार्यक्रम के साथ साथ स्नातकोत्तर के उद्यानिकी (फल विज्ञान एवं सब्जी विज्ञान), सस्य विज्ञान, मृदा विज्ञान, कृषि व्यवसाय प्रबंधन के पाठ्यक्रम संचालित हैं।

कृषि संस्थान में उत्कृष्ट प्रायोगिक शिक्षण/व्यावहारिक प्रशिक्षण, कौशल विकास प्रशिक्षण, क्षेत्रीय प्रशिक्षण/औद्योगिक अनुभव आदि को शामिल करते हुए, छात्र-छात्राओं को उचित शिक्षा प्रदान की जा रही है। अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं और बुनियादी ढाँचे के साथ, हम एक आदर्श शिक्षण और अधिगम वातावरण प्रदान करते हैं जिसने देश के विभिन्न भागों के छात्रों को आकर्षित किया है। छात्रों के दृष्टिकोण तब और निखरते हैं जब वे पाठ्येतर और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों के साथ-साथ सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को निखारने में हमारे पाठ्यक्रम की विशेष भूमिका है जिसमें सर्वोत्तम प्रथाओं और विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों के निरंतर मूल्यांकन को शामिल किया जाता है। नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रोत्साहित करने वाली शैक्षिक व्यवस्था प्रदान करके, हम अपने विद्यार्थियों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक बाजार में सफलता के लिए तैयार करते हैं।

# प्रदर्शकों के लिए उपलब्ध सुविधाएं

- विश्वविद्यालय द्वारा प्रदर्शकों के लिए स्टाल (10x10) उपलब्ध कराये जाएंगे।
- स्टॉल पर 1 मेज, 2 कुर्सियां और आवश्यक बिजली की आपूर्ति उपलब्ध होगी।

**स्टॉल बुकिंग की दरें:**

- सरकारी संसथान एवं औद्योगिक इकाईयां - रु. 10,000/- मात्र
- किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) , स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)व अन्य- रु. 2000/- मात्र
- किसान पंजीकरण शुल्क - रु. 10/- मात्र

**स्टॉल की बुकिंग के लिए विवरण:** स्टाल बुक करने के लिए राशि इस लिंक के माध्यम से जमा करें।

- पेमेंट लिंक - श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय https://rzp.io/rzp/NON9qTg
- राशि भुगतान करने के पश्चात भुगतान का विवरण इन मेल पर अवश्य प्रेषित करें -

1. prachi.bio@srmu.ac.in
2. deputydirectorext.iast@srmu.ac.in